अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्राथमिक चिकित्सा व आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

आज दिनांक 7 जून, 2023 को हरियाणा स्टेट रैड क्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ के सौजन्य से जिला रैड क्रॉस सोसायटी व सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी के दिशा निर्देशन में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा व आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस की तीनों इकाईयों के स्वयं सेवकों ने प्रशिक्षण लिया। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद से प्रशिक्षक श्रीमति मीनू कौशल जी ने स्वयंसेवकों को प्राकृतिक आपदाओं जैसे की बाढ़,भूकंप,सुनामी,चक्रवात, बादल फटने, ज्वालामुखी विस्फोट व मानव जनित आपदाओं जैसे रेल दुघर्टना,रसायन दुर्घटना,हवाई जहाज क्रैश, नाभिकीय विस्फोट आदि के कारणों व पीड़ितों को दी जाने वाली राहत से सभी को अवगत कराया। इसके अलावा प्रशिक्षक ने स्वयं सेवकों को रक्त के बहने,कटने,जलने , विषैले जीव जैसे सांप, बिच्छू के काटने , हड्डियों के टूटने पर पीड़ित को क्या प्राथमिक चिकित्सा और किस तरह से दी जाए के बारे में बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता का इस तरह के शिविरों को लगाने के पीछे जो उद्देश्य है वह महाविद्यालय के विद्यार्थियों को समाज सेवा के लिए तैयार करना है। महाविद्यालय के रैड क्रॉस के कोऑर्डिनेटर व इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० जयपाल सिंह जी ने महाविद्यालय में होने वाली यूथ रैड क्रॉस की गतिविधियों पर प्रकाश डाला , प्रशिक्षक का औपचारिक स्वागत किया व हरियाणा स्टेट रैड क्रॉस चंडीगढ़ शाखा, जिला रैड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद व कुशल निर्देशन के लिए प्राचार्य जी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की रैड क्रॉस की काउन्सलर श्रीमति पूजा, श्री सुभाष कैलोरिया ,श्री लवकेश आदि उपस्थित रहे।